दिनांकः 10.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से लाओस की दो दिन की यात्रा पर–21वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया सम्मेलन में लेंगे भाग।
- प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का निधन–उद्योग जगत में शोक की लहर।
- प्रदेश में पीएम सूर्यघर निःशुल्क बिजली योजना में डिस्कॉम स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को किया जाएगा सम्मानित।
- क्रिकेट में, भारतीय महिला और पुरुष दोनों ही टीमों ने अपने–अपने अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से लाओस की दो दिन की यात्रा पर विएंतियान के लिए रवाना हुए। श्री मोदी ने कहा कि वे 21वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओ पी.डी.आर. के प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन के निमंत्रण पर दो दिन की यात्रा पर विएंतियान जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत एक्ट–ईस्ट नीति का दशक मना रहा है। श्री मोदी ने कहा कि वे आसियान नेताओं के साथ व्यापक कार्यनीतिक भागीदारी की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा और सहयोग की दिशा में भावी रूपरेखा तैयार करने संबंधी बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वी एशिया सम्मेलन हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति उत्पन्न चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करेगा।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं, न्याय के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहले के बारे में।

.......................

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का कल रात मुंबई में निधन हो गया। 86 वर्षीय श्री टाटा का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। भारत के सबसे सम्मानित व्यापारिक दिग्गजों में से एक श्री टाटा ने दो दशकों से अधिक समय तक टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में काम किया। वे टाटा ट्रस्ट के जरिए परोपकारी गतिविधियों में शामिल रहे। एक लाख रुपये मूल्य की कार टाटा नैनो की शुरूआत रतन टाटा ने ही की थी। इसका उद्देश्य लोगों को सस्ती कार उपलब्ध कराना था। उन्हें पद्‌म भूषण और पद्‌म विभूषण सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनके निधन से उद्योग जगत में शोक की लहर है।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी रतन टाटा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, राष्ट्रपति ने कहा कि व्यवसायी रतन टाटा के निधन से, भारत ने एक ऐसा आइकन खो दिया है, जिसने राष्ट्र निर्माण के साथ कॉर्पोरेट विकास और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता को जोड़ा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि रतन टाटा भारतीय उद्योग जगत की एक महान शख्सियत थे, जिनका आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान, उद्यमियों के लिए प्रेरणा रहेगा। प्रधानमंत्री ने रतन टाटा के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए कहा कि श्री टाटा का दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। श्री मोदी ने कहा कि देश में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और पशु कल्याण जैसे क्षेत्रों के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी श्री

टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने वैश्विक स्तर पर भारत का नाम रोशन किया और देश के आर्थिक तथा सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

........................

प्रदेश में पीएम सूर्यघर निःशुल्क बिजली योजना में डिस्कॉम स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। डिस्कॉम्स की चेयरमैन आरती डोगरा ने बताया कि जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों में हर तिमाही आधार पर सबसे ज्यादा रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने वाले सर्किल, डिवीजन और सब डिवीजन कार्यालय के अभियंताओं और कर्मचारियों को रूफ टॉप सोलर चैंपियन अवार्ड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे कार्मिक और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। इससे प्रदेश में इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन को गति मिलेगी। प्रदेश में अब तक 13 हजार से ज्यादा घरों में कुल 68 हजार किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। राजस्थान इस योजना में रूफ टॉप इंस्टालेशन की संख्या के आधार पर देश के पहले सात राज्यों में से एक है। गौरतलब है कि पीएम सूर्य घर निःशुल्क बिजली योजना रूफ टॉप सोलर के माध्यम से उपभोक्ताओं को सस्ती और सुलभ बिजली उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना है।

........................

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। ये दिन मानसिक स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने और दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को बढावा देने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है – कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य। इस विषय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने, इससे जुड़े खतरों के निपटान और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने, जैसे उपायों की दिशा में एकीकृत कार्य के महत्व को रेखांकित किया गया है।

........................

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन ने लोगों तक सरकारी सेवाओं की निर्बाध पहुंच के लिए डिजिलॉकर के साथ उमंग एप को मिलाने की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार इससे उपयोगकर्ताओं को एक ही जगह से कई सेवाएं मिल सकेंगी। मंत्रालय ने कहा है कि उमंग एप सभी एंड्रॉइड फोन पर उपलब्ध है। मंत्रालय ने कहा कि डिजीलॉकर डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य आवश्यक दस्तावेज का सुरक्षित क्लाउड–बेस स्टोरेज प्रदान करना है।

........................

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी जोधपुर दौरे पर पहुंचे। अपने दो दिवसीय अधिकारिक दौरे के तहत पहले दिन उन्होंने परेड ग्राउण्ड में की जाने वाली तैयारियों का निरीक्षण किया और समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। महानिदेशक ने सीमा सुरक्षा बल फ्रंटियर मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर सामरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में गहन विचार–विमर्श किया। गौरतलब है कि सीमा सुरक्षा बल का 60वाँ स्थापना दिवस 1 दिसम्बर को सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, बीएसएफ, जोधपुर में मनाया जाएगा।

........................

क्रिकेट में भारतीय महिला और पुरुष दोनों ही टीमों ने कल अपने–अपने अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। महिला टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में, भारत ने श्रीलंका को 82 रनों से हरा दिया। कल रात दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाए। जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम 19 दशमलव पांच ओवर में सिर्फ 90 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही, भारत के सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने की उम्मीद मज़बूत हो गई है।

वहीं दूसरी ओर, पुरूष टीम ने नई दिल्ली में दूसरे ट्वेंटी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को 86 रन से हराया। भारत ने 9 विकेट के नुकसान पर 221 रन का स्कोर बनाया, जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम 9 विकेट पर 135 रन ही बना सकी।

........................